प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार नई करूणामूलक रोजगार नीति बनाएगी। मुख्यमंत्री ने शिमला में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सरकार सेवा के दौरान अपने परिवार के सदस्यों को खो देने वाले लोगों को रोजगार देने के लिए उदार और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण से कार्य कर रही है। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को आवेदकों का विभागवार ब्यौरा संकलित कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार अधिक से अधिक आवेदकों को लाभान्वित करने के लिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेगी।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि समाज के कमजोर वर्गों के सामाजिक–आर्थिक स्तर में सुधार के लिए सरकार अनेक योजनाएं कार्यान्वित कर रही है। वे सोलन में जिला कल्याण समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। शांडिल ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को जागरूक करने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाएं ताकि वे इनका भरपूर लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि सोलन जिले में वित्त वर्ष 2023–24 में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर लगभग 80 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

गोविंद ठाकुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर ने कांग्रेस सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल को असफल कार्यकाल करार दिया है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने पर बिलासपुर में एक समारोह आयोजित कर रही है, लेकिन यह समारोह प्रदेश की वास्तविक स्थिति से एकदम विपरीत प्रतीत होता है। गोविंद ठाकुर ने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस ने प्रदेश के विकास को नई ऊँचाइयों पर पहुंचाने का दावा किया था, लेकिन दो वर्षों में केवल कर्ज में वृद्धि और जनता के अधिकारों का हनन हुआ है।

सीएजी

केन्द्र सरकार ने 1989 बैच के हिमाचल कैडर के आईएस अधिकारी के संजय मूर्ति को देश का अगला नियंत्रक और महालेखा परीक्षक सीएजी नियुक्त किया है।

के संजय मूर्ति गिरीश चंद्र मुर्मू का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 20 नवंबर को पूरा हो रहा है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा इस संबंध में कल अधिसूचना जारी कर दी गई है। के. संजय मूर्ति वर्तमान में उच्च शिक्षा सचिव हैं।

मौसम–यातायात

प्रदेश के अधिकतर इलाकों में शुष्क ठंड का दौर जारी है और जनजातीय इलाकों में तापमान में गिरावट के चलते कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राज्य के निचले इलाकों में कुछ स्थानों पर सुबह शाम धुंध का प्रकोप भी बना हुआ है। लाहौल–स्पिति जिले के उपरी इलाकों में अत्यधिक ठंड पड़ने के कारण लाहौल से स्पीति को जोड़ने वाला कुंजुम दर्रा पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि कोकसर से लोसर मार्ग पर केवल सुरक्षा व आपातकलीन फोर वाई फोर वाहनों को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आवाजाही की अनुमति होगी। उन्होंने कहा कि इसी तरह दारचा–सरचू और दारचा– शिंकुला सड़क मार्गों पर भी केवल सुबह 8 बजे से दोपहर एक बजे तक ही सभी के लिए आवाजाही की अनुमति होगी।

गेंहू खरीद

कुल्लू जिले में प्राकृतिक खेती से उगाई गई मक्की की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य 30 रूपये प्रति किलो की दर से खरीदने की प्रक्रिया कल से आरम्भ कर दी गई। उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने इस प्रकिया का शुभारंभ किया। मक्की की खरीद का कार्य कुल्लू के ढालपुर व धामण में किया जा रहा है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज लगभग सभी समाचार पत्रों ने नई करूणामूलक रोजगार नीति बनाने को लेकर मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–नई करूणामूलक रोजगार नीति बनाएगी प्रदेश सरकार–सीएम बोले सेवा के दौरान अपने परिवार के सदस्य खोने वाले लोगों को दिलाएंगे रोज़गार। दिव्य हिमाचल के शब्द है–करूणामूलकों के लिए नई नीति लाएगी सरकार–मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विभाग से तलब किया आवेदनों का ब्यौरा।

राज्य सरकार और सेली हाईड्रो कंपनी के मामले में हिमाचल हाईकोर्ट के आदेशों पर दिव्य हिमाचल के शब्द है–दिल्ली के हिमाचल भवन को कुर्क करने के आदेश। इसी खबर को दैनिक जागरण लिखता है–हाईकोर्ट ने प्रधान सचिव ऊर्जा को तथ्यात्मक जांच करने के दिए आदेश।

पंजाब केसरी की एक खबर है– हिमाचल में भवनों का नक्शा पास करना होगा महंगा, बढ़ी फीस जबकि दैनिक जागरण की सुर्खी है–हिमाचल में बन सकेंगे 20 मंजिल तक व्यावसायिक भवन।

——————————————